बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय – होशंगाबाद मार्ग, भोपाल – 462 026

क्रमांक 342 / परीक्षा / 2020 भोपाल, दिनांक 26.11.2020

अधिसूचना

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ 779/2020/3873 भोपाल दिनांक 13.08.2020 के द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में **सत्र 2019–20 के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर स्नातक स्तर/स्नातकोत्तर के समस्त संकायों की 10 सितंबर–2020 को आयोजित ओपन बुक पद्धति परीक्षा से वंचित रहे गए** छात्रों की परीक्षा **ओपन बुक पद्धति से दिनांक 08.12.2020 से आयोजित की जा रही है** जिसके निर्देश एवं विस्तृत समय सारणी वि.वि.की बेवसाईट www.bubhopal.ac.in शीघ्र घोषित की जावेगी, साथ ही निम्नलिखित शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

नोटः–

01. उपरोक्त शासन के आदेश के बिन्दु क्रमांक 12 के अंतर्गत ओपन बुक की परीक्षा में छूटे हुए परीक्षार्थी के संबंध में :–

(अ)–ऐसे परीक्षार्थी जो सितबंर–2020 की ओपन बुक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाए किन्तु उन्होनें परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरा था परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखते हैं।

(ब)– ऐसे परीक्षार्थी जिसने सिंतबर–2020 की ओपन बुक परीक्षा हेतु पूर्व में परीक्षा आवेदन नहीं किया तथा परीक्षा से वंचित होने के पश्चात परीक्षा आवेदन किया है वह परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखेगा।

परीक्षा द्वितीय/विशेष अवसर के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षार्थियों को महाविद्यालय प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष के द्वारा सूचित किया जाना सुनिश्चित करे।

02. बिन्दु क्रमांक 06 के अंतर्गत **सत्र 2019–20 के** स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर में सम्मिलित ऐसे परीक्षार्थी जिनकी पूर्व सेमेस्टर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में एटीकेटी है उनकी एटीकेटी की परीक्षाएं आंतरिक मूल्यांकन की पद्धति से संपन्न होगी। आंतरिक मूल्यांकन की पद्धति के तहत आयोजित परीक्षा हेतु महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी को सूचित करेगें तथा परीक्षार्थी अपना असायमेंट महाविद्यालय को उपलब्ध करायेगें। महाविद्यालय असायमेंट प्राप्त कर मूल्यांकन करवाकर अंक वि.वि. की e-mail ID:- confidential2020ccepractical@gmail.com पर शीघ्र प्रेषित करें एवं समय–समय पर वि.वि.की बेवसाईट www.bubhopal.ac.in पर अपलोड किए जाने वाले निर्देशों का पालन प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष के द्वारा सुनिश्चित किया जावे।

03. ऐसे परीक्षार्थी जो कि पूर्व में **सितबंर–2020 में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित हो चुके है वे दिसबंर–2020 की ओपन बुक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्र नहीं होगें।**

26/11/20
परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

क्रमांक 343 परीक्षा / 2020 भोपाल, दिनांक 26.11.2020

प्रतिलिपिः–––

1–प्राचार्य,/केन्द्राध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2–अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग/ महाविद्यालयीन विकास परिषद की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3–कुलपतिजी के सचिव के माध्यम से माननीय कुलपतिजी को सूचनार्थ ।
4–वित्त नियंत्रक,ब.वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5–उपकुलसचिव गोपनीय/परीक्षा/भण्डार/अकादमी शाखा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
6–सहायक कुलसचिव गोपनीय/परीक्षा/भण्डार/अकादमी शाखा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
7–जनसम्पर्क अधिकारी/कन्ट्रोल रूम/प्रभारी मित्र कार्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
8–प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइड की ओर सूचनार्थ ।
9–संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतुनिवेदन के साथ प्रेषित ।

S Chauh
उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल